आकाशवाणी केन्द्र शिमला

21.01.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1100 बजे

प्रादेशिक समाचार

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू आज कांगड़ा विधानसभा क्षेत्र में 88 करोड़ 67 लाख रूपये की लागत से बनने वाली चार प्रमुख परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री मटौर में जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

इससे पहले मुख्यमंत्री ने कल मनाली में राष्ट्रीय विंटर कार्निवाल के अवसर पर कुल्लू जिला के लिए 206 करोड़ 8 लाख रुपये की विकासात्मक परियोजनाओं के लोकार्पण व शिलान्यास किए। इनमें वर्ष 2023 में ब्यास नदी में आई भीषण बाढ़ से मनाली व आस–पास के क्षेत्रों में हुए नुकसान के बाद मुख्यमंत्री द्वारा घोषित पुर्नरुद्धार व पुनर्निर्माण कार्य शामिल हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यटन क्षेत्र मनाली में पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए सरकार प्रयासरत है।

प्रधानमंत्री जनमन सम्मेलन

केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्रालय आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में प्रधानमंत्री जनजातीय नागरिक अभियान पर जिलाधिकारियों का राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित कर रहा है। इसमें 18 राज्यों के कुल 88 जिले चर्चा में शामिल होंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री जनमन को लागू करने की कार्य योजना तैयार की जाएगी। सम्मेलन में छह प्रमुख विकास क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा जिनमें ग्रामीण विकास, स्कूली छात्रावास, पेयजल, आंगनवाड़ियों और बहुउद्देश्यीय केंद्रों का संचालन शामिल है।

ई–केवाईसी

प्रदेश में ई–केवाईसी न होने पर करीब 45 हजार परिवारों के राशन कार्ड को ब्लॉक किया गया है और इन परिवारों को ई केवाई सी होने पर ही राशन मिलेगा। शिमला जिला खाद्य नागरिक आपूर्ति व उपभोक्ता मामले विभाग के नियंत्रक, नरेंद्र धीमान ने बताया कि विभाग ने एक मोबाइल एप्लिकेशन तैयार की है, जिसके माध्यम से विदेशों और देश के किसी भी राज्य में लोग घर बैठे ई–केवाईसी करवा सकते हैं।

शिक्षक संघ

प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार प्रदेश में 5–3–3 और 4 कक्षाओं के प पैट्रन के लिए एक निदेशालय बनाने का विरोध किया है। कल संघ की प्रदेश स्तर की ऑनलाइन बैठक में यह प्रस्ताव पारित किया गया। संघ का मानना है कि इस प्रक्रिया से प्राथमिक शिक्षकों की पदोन्नति और पूर्व में चल रहे शैक्षणिक ढांचे में धरातल पर बहुत सी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। संघ ने सरकार से अपील की है कि प्राथमिक शैक्षणिक ढांचे को मजबूती देने के लिए कक्षा पांचवी तक अलग निदेशालय बनाया जाए।

मौसम

प्रदेश के अधिकांश भागों में आज बादल छाए हैं और ठंडी हवाएं चलने से शीतलहर बढ़ गई है। मौसम विज्ञान केन्द्र शिमला ने आज से 23 जनवरी तक प्रदेश में मौसम खराब रहने की संभावना जताई है। केन्द्र के वैज्ञानिक संदीप कुमार ने बताया कि इस दौरान ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी जबकि निचले क्षेत्र में बारिश होने की संभावना है।